बाबा तेरी मोरछड़ी,
ये तो जादूगारी बड़ी,
जिसपे ये लहराई,
उसकी तो बदली घडी,
बाबा तेरी मोरछडी,
ये तो जादूगारी बड़ी।।

तर्ज तेरे जैसा यार कहाँ।

इसके तो एक झाड़े से,
लाखों के काम बने है,
सुने सुने आँगन में,
प्यारे से फूल खिले है,
सोइ सोइ किस्मत भी,
झट से ही जाग पड़ी,
बाबा तेरी मोरछडी,
ये तो जादूगारी बड़ी।।

सांवरिया तेरे हाथों में,
लगती बड़ी है प्यारी,
जिसके सर पे फिर जाए,
ये हरती विपदा सारी,
तेरे ही चलाए चले,
भक्तो की गाडी खड़ी,
बाबा तेरी मोरछडी,

ये तो जादूगारी बड़ी।।

लोगो की बिगड़ी बनाई,
अब मेरी भी बना दे,
क्यों दर दर मैं प्रभु भटकूं,
अब श्याम कृपा बरसा दे,
कहता गोपाल सदा,
तेरे संग प्रीत लड़ी,
बाबा तेरी मोरछडी,
ये तो जादूगारी बड़ी।।

बाबा तेरी मोरछड़ी,
ये तो जादूगारी बड़ी,
जिसपे ये लहराई,
उसकी तो बदली घडी,
बाबा तेरी मोरछडी,
ये तो जादूगारी बड़ी।।

Singer Abhijit Kohar

Source: https://www.bharattemples.com/baba-teri-morchadi-ye-to-jadugari-badi/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw